**आकाशवाणी श्री विजयपुरम**

दिनांक : 05.09.2026 समय : 0705

**<><><><><><><>**

1. देशभर में आज शिक्षक दिवस मनाया जा रहा है। इस अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु आज अड़तालीस स्कूली शिक्षकों को राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार प्रदान करेंगी।
2. भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र के वैज्ञानिकों के एक दल ने लोक निवास में उप–राज्यपाल से मुलाकात की।
3. डिगलीपुर के नाबाग्राम में स्टेट हाईवे–14 पर स्थित स्टील बेली ब्रिज को मरम्मत कार्य के लिए 8 सितंबर तक बंद रखने का आदेश जारी किया गया है।
4. अंडमान निकोबार एड्स नियंत्रण समिति की ओर से 11 सितंबर को 'रेड रन' मैराथन का आयोजन।

**<><><><><><><>**

देशभर में आज शिक्षक दिवस मनाया जा रहा है। इस अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने शिक्षकों से अपने ज्ञान को लगातार बढ़ाने, नई तकनीक अपनाने और पढ़ाने के नए तरीकों का इस्तेमाल करने का आह्वान किया है। राष्ट्रपति ने कहा कि शिक्षक विद्यार्थियों की प्रतिभा को निखारने और उनके चरित्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने शिक्षकों से विद्यार्थियों में स्वतंत्र सोच और जिज्ञासा की भावना विकसित करने का आग्रह किया। राष्ट्रपति ने सभी समर्पित शिक्षकों के योगदान के लिए आभार व्यक्त किया और कहा कि वे ऐसी पीढ़ियों का निर्माण करते रहें, जो देश को नई ऊंचाइयों तक ले जाएं। उन्होंने पूर्व राष्ट्रपति और शिक्षाविद् डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन को श्रद्धांजलि देते हुए उन्हें महान शिक्षक बताया। शिक्षक दिवस हर वर्ष 5 सितंबर को डॉ. राधाकृष्णन की जयंती के अवसर पर मनाया जाता है। इस अवसर पर राष्ट्रपति आज नई दिल्ली में 48 स्कूली शिक्षकों को राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार प्रदान करेंगी। ये शिक्षक 27 राज्यों, सात केंद्र शासित प्रदेशों और छह केंद्रीय सरकारी संस्थानों से चुने गए हैं। इसके अलावा, उच्च शिक्षा संस्थानों और पॉलिटेक्निक के 21 शिक्षकों और प्राध्यापकों को भी राष्ट्रीय पुरस्कार दिए जाएंगे।

<><><><><><>

इस अवसर पर द्वीपों के उप राज्यपाल सेवानिवृत्त एडमिरल डी के जोशी ने द्वीप समूह के शिक्षक समुदाय को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी है। इस अवसर पर उन्होंने डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन को भी सादर श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि शिक्षा एक प्रगतिशील, प्रबुद्ध और ज्ञान–आधारित समाज की नींव है। उपराज्यपाल ने द्वीपों के सभी शिक्षकों के समर्पण और प्रतिबद्धता की सराहना की है, जो भौगोलिक और लॉजिस्टिकल चुनौतियों के बावजूद बेहतरीन ढंग से सेवा कर रहे हैं। उन्होंने NEP 2020 और NCF 2023 के उद्देश्यों को आगे बढ़ाने और तेजी से बदलती दुनिया की चुनौतियों और अवसरों का सामना करने और युवा पीढ़ी को तैयार करने में उनके योगदान की सराहना की है।

<><><><><><>

भारत के परमाणु ऊर्जा विभाग के तहत भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र के वैज्ञानिकों का एक दल कल से 8 सितंबर तक द्वीप समूह के तीनों ज़िलों में उपयुक्त जगह का निरीक्षण का कार्य कर रहे है। इसका उद्देश्य अंडमान निकोबार द्वीप समूह में स्मॉल मॉड्यूलर रिएक्टर लगाने की सिफारिश के बाद, बड़े प्रोजेक्ट्स के लिए बिजली की बढ़ती ज़रूरतों को पूरा करना है। इस दौरान टीम ने कल लोक निवास में उप–राज्यपाल और द्वीप विकास एजेंसी के उपाध्यक्ष सेवानिवृत्त एडमिरल डी.के. जोशी से मुलाकात की। टीम ने प्रस्तावित योजना के लिए संभावित जगह और उससे जुड़ी अन्य विशेषताओं के बारे में प्रस्तुति दीं।

<><><><><><>

डिगलीपुर के नाबाग्राम में स्टेट हाईवे–14 पर स्थित स्टील बेली ब्रिज को मरम्मत कार्य के लिए 8 सितंबर तक बंद रखने का आदेश जारी किया गया है। यह पुल कालीघाट और रामनगर क्षेत्र के लिए प्रमुख संपर्क मार्ग है। डिगलीपुर के सब डिविजनल मजिस्ट्रेट, संतोष प्रकाश ने जनसुरक्षा और मरम्मत कार्य को सुचारु रूप से पूरा कराने के लिए पुल से सभी प्रकार के वाहनों और आम लोगों की आवाजाही पर रोक लगाई है। इस दौरान आम जनता और वाहनों को कलारा के जेई

कार्यालय से मध्यमग्राम चौक तक वैकल्पिक मार्ग का उपयोग करने की सलाह दी गई है। अंडमान लोक निर्माण विभाग को निर्धारित अवधि में मरम्मत कार्य पूरा कर पुल को शीघ्र पुनः खोलने के निर्देश दिए गए हैं। वहीं, डिगलीपुर के उप पुलिस अधीक्षक को आदेश का अनुपालन सुनिश्चित करने को कहा गया है।

<><><><><><>

पशुपालन और पशु चिकित्सा सेवा विभाग ने UT–ATMA योजना के तहत, हाल ही में उत्तरा गाँव की एक निजी खेत में एक निदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य पशुपालकों को बेहतर पशुपालन के तरीकों को अपनाने के लिए व्यवहारिक, क्षेत्रीय स्तर का प्रशिक्षण और तकनीकी सलाह देना था। निदर्शन के दौरान, भाग लेने वाले किसानों को वैज्ञानिक पशु प्रबंधन, बेहतर खान–पान के तरीकों और पशुओं की सेहत और उत्पादकता को बेहतर बनाने के लिए समय पर पशु चिकित्सा सहायता के महत्व के बारे में जानकारी दी गई।

<><><><><><>

उधर, पशुपालन और पशु चिकित्सा सेवा विभाग ने रंगाचांग पशु चिकित्सा औषधालय के माध्यम से, हाल ही में रंगाचांग–4 के एक निजी खेत में राष्ट्रीय पशुधन मिशन के तहत बकरी पालन पर एक किसानों के लिए निदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर उप–प्रधान एन. कार्तिक मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थिति रहे। कार्यक्रम के दौरान, किसानों को उद्यमिता विकास कार्यक्रम के बारे में जानकारी दी गई। वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी ने पशुधन बीमा योजना, बकरियों में कृत्रिम गर्भाधान और किसान क्रेडिट कार्ड जैसी अन्य महत्वपूर्ण योजनाओं के बारे में भी बताया। प्रशिक्षण के दौरान वैज्ञानिक तरीके से बकरी पालन से जुड़े कई विषयों को शामिल किया गया। रंगाचांग पशु चिकित्सा औषधालय के वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी और उनकी टीम ने खुर छांटने और पेट के कीड़े खत्म करने जैसी प्रक्रियाओं का भी निदर्शन किया।

<><><><><><>

अंडमान निकोबार एड्स नियंत्रण समिति की ओर से लोगों के बीच एचआईवी और एड्स के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए 11 सितंबर को 'रेड रन' 5 किलोमीटर मैराथन का आयोजन किया जाएगा। यह रेड रन पुरुष और महिला श्रेणियों में 17 वर्ष और उससे अधिक आयु के सभी व्यक्तियों के लिए खुली है। यह दौड़ अंडमान क्लब से शुरू होकर गर्ल्स स्कूल, फ्लैग प्वाइंट, मजार से होते हुए उसी मार्ग से वापस अंडमान क्लब पर समाप्त होगी। प्रत्येक श्रेणी में विजेताओं को नकद पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। मैराथन के लिए ऑनलाइन पंजीकरण 9 सितंबर तक खुला रहेगा। इच्छुक प्रतिभागी गूगल फॉर्म लिंक या क्यूआर कोड को स्कैन कर पंजीकरण कर सकते हैं। जो लोग ऑनलाइन पंजीकरण करने में असमर्थ हैं, वे मौके पर पंजीकरण कर सकते हैं। सभी प्रतिभागियों से सुबह साढ़े पांच बजे तक नेताजी स्टेडियम में रिपोर्ट करने को कहा गया है।

<><><><><><><>

मध्योत्तर अंडमान ज़िला पुलिस ने ड्रग तस्करी के ख़िलाफ़ अभियान तेज़ करते हुए, कदमतला पुलिस स्टेशन की टीम ने हाल ही में कदमतला में एक रिहायशी जगह पर तलाशी ली। इस दौरान लगभग 100 ग्राम वज़न का उगाया हुआ गांजे का एक पौधा बरामद कर ज़ब्त किया गया। आरोपी को गिरफ़्तार कर कदमतला पुलिस स्टेशन में NDPS एक्ट की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है।

<><><><><><><>

कर्मचारी चयन आयोग की ओर से कंबाइंड हिंदी ट्रांसलेटर परीक्षा और स्टेनोग्राफर ग्रेड 'सी' तथा 'डी' परीक्षा का आयोजन आठ सितंबर से बारह सितंबर तक किया जाएगा। परीक्षा में शामिल होने वाले उम्मीदवारों के ई–प्रवेश पत्र निर्धारित परीक्षा तिथि से पहले आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध करा दिए जाएंगे।

<><><><><><><>